तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 27 मई 2026



10 जींद में 16 ग्राम पंचायतों को बनाया जाएगा रोल मॉडल



10 आर्थिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जिला पुलिस सतर्क



## खबर संक्षेप

### कैथलः कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 27 मई को सुबह 10 बजे आरकेएसडी कालेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### रेणु भाटिया 29 को जींद दौरे पर

**जींद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया 29 मई को जींद दौरे पर रहेगी। चेयरपर्सन करीब 12 बजे नरवाना में बतौर मुख्यातिथि शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक गर्ल्स कराटे अकादमी का उद्घाटन करेंगी। चेयरपर्सन उसके बाद करीब दो बजे जींद जेल का दौरा भी करेंगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** बधाना के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यकित की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी सत्यवान (70) मंगलवार को स्कूटी पर सवार होकर अपने खेत की तरफ जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें सत्यवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पातल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव पाजू कलां के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मलिकपुर निवासी प्रगति सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर गांव पाजू कलां से गुजर रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना सफीदों पलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सप्लाई करने का आरोपी काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोपित हांसी निवासी नवीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने 19 फरवरी को ईक्कस बस स्टैंड के पास से पंजाब निवासी विक्रमजीत उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया था। विक्रजीत के पास से पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि विक्रमजीत ने यह हथियार हांसी निवासी नवीन उर्फ तोतला से खरीदा था।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 30 को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश कंचन माही की देखरेख में 30 मई को न्यायिक परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर, कैथल तथा उपमंडलीय न्यायालय, गुहला में आयोजित की जाएगी। 1881 की धारा 138 के अंतर्गत लंबित चेक बाउंस मामलों का आपसी समझौते से निपटारा किया जाएगा।

## दोपहर के समय सड़कें सुनसान, भीषण गर्मी के चलते बढ़ी बिजली की खपत

# नौतपा का दूसरा दिनः गर्म हवाओं ने किया बेहाल और बाजारों में भी छाई रही वीरानगी

### 18 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही गर्म हवाएं

**सब्जी की फसलें झुलसने के कागार पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी ने आमजन का जीना बेहाल कर दिया है। हालांकि मंगलवार को नौतपा के दूसरे दिन अधिकतम तापमान एक डिग्री घटकर 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री घट कर 28 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा रही जबकि मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत बनी रही। दोपहर को शहर में हालात कफ्र्यू जैसे दिखाई दिए। सड़कें खाली रही तो बाजार में भी वीरानगी छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों तक मौसम में स्थिरता बनी रहेगी। तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है और 42 डिग्री पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 43 और 30 डिग्री स्थिर बना हुआ है। दिन के समय 18 किलोमीटर की रफ्तार से बह रही गर्म हवाओं ने आमजन का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर के समय सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। जो वाहन चलाते सीधी धूप और तेज हवा के संपर्क में आते हैं। दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता आग उगलना शुरु कर देते हैं। कुछ दिन से बढ़ रहे तापमान के चलते गर्मी बढ़ रही है। गर्मी का बाजारों पर असर दिखाई दे रहा है। सुबह एवं शाम को ही बाजारों में दुकानों पर ग्राहक नजर आते हैं। दोपहर को तो बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। फसलों पर भी बढ़ रहे तापमान का असर दिखाई दे रहा है। किसान अनिल, जोगिंद्र, राजबीर ने कहा कि तापमान निरंतर बढ़ रहा है। जिससे बेल सब्जियां वाली फसलें झुलसने की कागार पर हैं। वहीं दिन में तो घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है। जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी करते स्पष्ट किया गया है कि दोपहर को घर से जरूरी काम हो तो निकलें। उमस भरी गर्मी और तपिश से आमजन पूरी तरह से परेशान है। दोपहर तक गर्मी लोगों की हालत खस्ता कर देती है। जिसके चलते सड़कों पर वाहन कम हो जाते हैं और बाजार भी सुनसान नजर आते हैं। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। गर्म हवाओं की चपेट में आने से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है।




जींद। भीषण गर्मी के बीच मुंह ढांप कर गुजरती युवतियां व तेज धूप से बच्चे का बचाव करती महिला। *फोटो :हरिभूमि*

**गर्मी के चलते बढ़ी बिजली की खपत**

| तिथि | खपत |
|---|---|
| 25 मई | 83.16 लाख |
| 24 मई | 91.58 लाख |
| 23 मई | 83.55 लाख |
| 22 मई | 84.81 लाख |
| 21 मई | 83.16 लाख |

### मौसम परिवर्तनशील खुश्क व गरम रहेगा

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। लोगों को सुझाव देते कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि फिलहाल मौसम परिवर्तनशील, खुश्क व गरम रहेगा। इस दौरान तापमान में वृद्धि होगी। किसानों को चाहिए कि वो दिन में फसलों में पानी बिल्कुल न दें।

### राजौंदः लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित

**राजौंद।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवाओं (लू) के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। खासकर दोपहर के समय हालात ऐसे बन जाते हैं कि सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आता है। दोपहर 12 बजे के बाद से ही बाजारों में चहल-पहल कम होने लगती है और 2 से 4 बजे के बीच तो अधिकांश दुकानें भी आंशिक रूप से बंद दिखाई देती हैं। आम दिनों में जहां बाजारों में भीड़ रहती थी, वहीं अब गर्मी से लोग जरूरी काम न होने पर घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। गर्मी का असर सबसे अधिक राहगीरों, दिहाड़ी मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। तेज धूप और लू के से लोगों को चक्कर, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लोगों को दोपहर के समय बाहर न निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने और सिर को ढककर रखने की सलाह दी है। वहीं, गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थ, फलों और छांव का सहारा ले रहे हैं। नगर में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा मीठे पानी व शरबत की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे राहगीरों को कुछ राहत मिल सके। प्रशासन की ओर से भी लोगों को सावधानी बरतने की अपील की है। यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर को घर से बाहर निकलने से बचें गर्मी के प्रकोप ने साफ कर दिया है कि फिलहाल लोगों को सतर्कता और सावधानी के साथ ही इस मौसम का सामना करना होगा।

### समय रहते एहतियात बरतना जरूरीः डीसी

**जींद।** गर्मी से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। अभी गर्मी से बचाव की कोई उम्मीद नहीं आ रही है। दिन के समय में शहर की सड़कें पूरी तरह से सुनसान नजर आ रही हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बढ़ती गर्मी और लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए आमजन से लू के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गर्म हवाओं का प्रभाव और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में नागरिक अनावश्यक रूप से दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढकें तथा हल्के रंग के सूती व ढीले कपड़े पहनें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। नियमित रूप से पानी पीते रहें तथा नींबू पानी, छाछ, लस्सी, ओआरएस और अन्य घरेलू पेय पदार्थों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन खाने से बचें तथा ताजे फल और हलका भोजन ग्रहण करें। डीसी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार व्यक्ति गर्मी से जल्दी प्रभावित होते हैं। इसलिए इनकी विशेष देखभाल जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बुजुर्गों का समय-समय पर हालचाल लेते रहें और उन्हें पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाएं।

## नरवाना मेला मंडी के निकट कीचड़ में व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

- शव की पहचान सौंगरी के अजमेर उर्फ तुरतनाथ के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना मेला मंडी के निकट कीचड़ में व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना की मेला मंडी के निकट मगंलवार को दीवार के साथ कीचड़ में साधु की तरह कपड़े पहने व्यकित का शव पड़ा दिखाई दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगरहा का निशान नही था। मृतक की पहचान गांव सौंगरी (कैथल) निवासी अजमेर उर्फ तुरतनाथ (43) के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि अजमेर रेलवे स्टेशन के आसपास घूमता दिखाई देता था। शराब पीने का भी आदी था। उन्होंने आशंका जताई कि ज्यादा शराब पीने के चलते नशे में वह कीचड़ में गिरा है। जिसके चलते अजमेर की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। अजमेर की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बाड़े में आग से दो भैंसों की झुलसने से मौत

### शार्ट सर्किट के कारण लगी आग, फायर ब्रिगेड को करनी पड़ी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अनूपगढ़ में मंगलवार दोपहर को पशुबाड़े में आग लगने से दो पशुओं की झुलसने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आग के पीछे शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अनूपगढ़ निवासी उपेंद्र ने मकान के साथ पशुबाड़ा बनाया हुआ है। जिसमें बरामदे में भैंस बांधने के साथ पशुचारे का भी भंडारण किया हुआ था। मंगलवार दोपहर को पशुबाड़े के बरामदे में आग भड़क उठी। भीषण गर्मी होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के समय लोग अपने घरों में आराम कर रहे थे।

पशुओं के रांभने ने लोगों का ध्यान पशुबाड़े की तरफ खींचा। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग लगतार फैलती चली गई। जिसने पशुचारे के साथ उसमें बंधी भैंसों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें झुलसने से दो भैंसों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। उपेंद्र ने बताया कि पशुबाड़े में आग शार्ट सर्किट से लगी है। जिसमें उसकी दो भैंसों की मौत हो गई। पशुचारा भी जल गया है।



## दुष्कर्म-मारने की धमकी मामले में दोषी को बीस साल की कैद

- अदालत ने एक लाख 20 हजार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने दुष्कर्म करने व धमकी मामले में दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार उचाना थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने एक जनवरी 2024 को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव दुर्जनपुर निवासी अनिल उसकी बहल को बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अनिल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए लड़की को बरामद कर लिया था। पुलिस को दिए बयान में लड़की ने अनिल पर दुष्कर्म व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने की बात कही थी। पुलिस ने अनिल के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।

## मारपीट से घायल साधु की मौत

- पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान तोड़ा दम, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव धनौरी में शराब के नशे में हुए झगड़े के दौरान एक साधु के साथ ठंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण घायल साधु की पीजीआई रोहतक में इलाज दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान जींद के गांव निडानी निवासी शमशेर (49) के रूप में हुई है, जो गांव धनौरी में साधु बनकर रह रहा था। कैथल सदर थाना पुलिस ने इस मामले में धनौरी निवासी एक आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कुराड़ निवासी सोनू ने बताया कि उसका मामा शमशेर साधु बनकर गांव धनौरी में रहता था। 23 मई की रात किसी बात को लेकर उसका गांव धनौरी निवासी जगन्नाथ के साथ झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान आरोपी ने उसके मामा के साथ मारपीट करते हुए गंभीर चोटें मारीं। जब शमशेर ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे। लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गया। इसके बाद घायल शमशेर को इलाज के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। इलाज दौरान मामा शमशेर की मौत हो गई। कैथल सदर थाना एसएचओ कुलदीप देशवाल ने बताया कि घटना के बाद दो दिन तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। अब पहचान के बाद मृतक के भांजे की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ मर्डर के आरोप में केस दर्ज किया है। अभी आरोपी फरार चल रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।






कैथल। मकानों की छतों पर टंकियों की जांच करते पुलिस कर्मचारी

### पुलिस ने की नशा-शराब तस्करों के ठिकानों पर रेड

**कैथल।** नशा व शराब तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देसानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार की सुबह थाना कलायत एसएचओ एसआई सुभाष की अगुवाई में कलायत में तथा थाना राजौंद प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास की अगुवाई में कलायत व राजौंद क्षेत्र में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है।

### गांव में सुख-शांति के लिए पंच धूनी तपस्या कर रहे बाबा गिरी

**राजौंद।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच जहां आमजन दोपहर में घरों में दुबकने को मजबूर हैं, वहीं खंड के गांव खेड़ी सिंबल वाली स्थित गोगा मैड़ी परिसर में बाबा कपिल गिरी अपनी कठोर तपस्या से सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। बाबा कपिल गिरी 21 अप्रैल से 'पंच धूनी तपस्या' में लीन हैं, जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जारी रहती है। बाबा ने बताया कि उनकी यह तपस्या 31 मई को ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन पूर्ण होगी, जिस दिन तपस्या के 41 दिन पूरे हो जाएंगे। कहा कि इस साधना का उद्देश्य गांव में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना है। इस धार्मिक आयोजन में गांव का सहयोग मिल रहा है। तपस्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर बाबा के दर्शन कर रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## सीएम हर स्तर पर आम जनता की बुनियादी सुविधाओं और धार्मिक-सामाजिक स्थलों को मजबूती के लिए प्रयासरत

# डी प्लान के तहत कलायत नगर पालिका क्षेत्र में खुलेंगे महत्वपूर्ण विकास कार्यों के द्वारः ज्योति सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका क्षेत्र को प्रदेश सरकार ने विकास की सौगातें दी है। वर्ष 2026-27 के जिला योजना स्कीम के तहत नए विकास कार्यों की एक विस्तृत सूची तैयार की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के अनुसार सरकार का यह विकास तोफा सीधे तौर पर आम जनता की बुनियादी सुविधाओं और धार्मिक-सामाजिक स्थलों को मजबूती देगा। इसके तहत समाज के विभिन्न वर्गों की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। इस में वार्ड 1 स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में 11 लाख की अनुमानित लागत से कमरे का निर्माण होगा।इसके साथ ही श्री रैदास तख्त के आंगन में 5 लाख की लागत से लोहे की टिन शेड लगाई जाएगी। इसके लिए श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कोलेखा और पार्षद रेणु धानियां ने आभार व्यक्त किया है। पार्षद प्रीत जगदेव और पार्षद प्रतिनिधि संजय धीमान ने बताया कि विश्वकर्मा धर्मशाला वार्ड नंबर 8 में समाज की सुविधा के लिए 7 लाख की लागत से दो नए कमरों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही करीब डेढ़ करोड़ के बजट से दिव्य नगर योजना के माध्यम से प्राचीन कपिल मुनीश्वर तट पर भगवान विश्वकर्मा वाटिका में हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा।



सीएम नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी।

### कैथल लगातार प्रगति के आयाम छू रहा

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बताया कि सभी योजनाएं कम्युनिटी सेंटर, चौपाल और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर कलायत के शहरी जीवन को एक नई दिशा देंगी। मुख्यमंत्री का लक्ष्य प्रदेश की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र को विकास की गति देना है। इस दिशा में जिला कैथल लगातार प्रगति के आयाम छू रहा है।

### डॉ. वैशाली शर्मा होंगी जींद की नई डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते 21 आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के तबादले एवं नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। इनमें डॉ. वैशाली शर्मा को जींद की नया डिप्टी कमिश्नर (डीसी) लगाया गया है। वहीं, मंदीप कौर को चरखी दादरी की डिप्टी कमिश्नर(डीसी) बनाया गया है, जबकि मोहम्मद इमरान रजा को मानव संसाधन विभाग का निदेशक एवं विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। बता दें कि डॉ. वैशाली शर्मा हरियाणा कैडर की 2017 बैच की एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस ) अधिकारी हैं।

**खबर संक्षेप**

### भाकियू एक जून को मनाएगी शहीदी दिवस

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन व नौगामा खाप एक जून को गांव गुलकनी में 24वां शहीदी दिवस मनाएगी। इसमें भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उसके साथ प्रदेश अध्यक्ष रत्नमान भी पहुंचेंगे। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरी खेड़ी ने कहा कि गुलकनी में किसान शहीद स्मारक पर सुबह आठ बजे हवन होगा। उसके बाद सरकारी स्कूल में शोक सभा का आयोजन होगा। जिसमे प्रदेश के हर जिले से काफी संख्या में किसान शोक सभा में पहुंचेंगें।

### इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** जींद शहर के गोहाना रोड से सटे रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट को बंद कराने के लिए अभियान छेड़े हुए कई कॉलोनियों और कई गांव के लोगों का प्रतिनिधिमंडल तमाम पार्टियों के नेताओं के पास पहुंचकर इस मुहिम के लिए साथ मांग रहा है। इस कड़ी में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर लोगों के दर्द की आवाज चंडीगढ़ पहुंचाने की मांग की है। जींद के चौधरी रणबीर सिंह विवि के गैस्ट हाऊस में राकेश की अध्यक्षता में इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले। चौटाला ने इस दौरान कहा कि भाजपा सरकार लोगों के लिए संकट की जननी साबित हो रही है।

### छात्रवृत्ति योजना की अंतिम तिथि बढ़ी

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हरियाणा सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की अंतिम तिथि बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया है। हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा जारी नोटिस के अनुसार अनुसूचित जाति छात्रों की छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित मामलों को निपटाने एवं आधार सीडिंग प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 10 जून तक बढ़ा दी गई है। एबीवीपी जींद विवि इकाई के अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि ये निर्णय हजारों विद्यार्थियों के हित में लिया महत्वपूर्ण कदम है।

### संदिग्ध हालात में दो लड़कियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो लड़कियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। शीतलपुरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 मई को उसकी 29 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। उधर, चाबरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी नाबालिग बेटी खाना खा कर सोई थी। जो सुबह गायब मिली। दोनों अभिभावकों ने गायब लड़कियों को तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नही लगा।

### छुट्टियां और ननिहाल विषय पर काव्य गोष्ठी

**जींद।** महिला काव्य मंच जींद इकाई की ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा ने गोष्ठी में मुख्य अतिथि की भूमिका निर्वहन की। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जींद अध्यक्षा मंजू मानव के साथ रेवाड़ी इकाई की अध्यक्षा सुधा यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। गर्मी की छुट्टियां और ननिहाल विषय पर आयोजित काव्य गोष्ठी में जींद इकाई की कवयित्रियों ने भाग लेते हुए नानी घर का बच्चों के जीवन के विभिन्न आयामों पर भावात्मक प्रभाव को दर्शाती प्रस्तुतियां दी।

### किसान सेवा केंद्र में आभार कार्यक्रम आज

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने संयुक्त रूप से कहा कि 27 मई को कपास मंडी स्थित किसान सेवा केंद्र में आभार कार्यक्रम आयोजित होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। गेहूं के सीजन में नए नियम इस बार होने के बाद भी किसी तरह की परेशानी आढ़ती, किसान को नहीं आने दी गई तो गेहूं की खरीद, उठान प्रक्रिया बेहतर रही। बेहतर खरीद, उठान के पुख्ता प्रबंध होने पर विधायक को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## पेयजल व्यवस्था के लिए पंचायतें संभालेंगी कमान

# जींद में 16 ग्राम पंचायतों को बनाया जाएगा रोल मॉडल

**245 सिंगल विलेज स्कीम में शुरू होगी योजना**

### ग्राम पंचायतों के साथ जल्द एमओयू साइन करेगा जनस्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

प्रदेश की ग्राम पंचायतें अब ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के संचालन और रखरखाव के कार्यों को स्वयं संचालित करने में सक्षम होंगी। इसी संबंध में राज्य के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्य के सभी उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की। इस बैठक के बाद डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार ने ग्राम पंचायतों को पेयजल आपूर्ति के प्रबंधन, संचालन तथा विभिन्न प्रशासनिक निर्णय लेने के अधिकार प्रदान किए गए हैं। पंचायतें आवश्यकता अनुसार पेयजल दरों में संशोधन कर नई दरें लागू कर सकेंगी तथा अवैध कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई भी कर सकेंगी। जिला जींद में 16 ग्राम पंचायतों को इस योजना के तहत रॉल मॉडल गांव बनाया जाएगा। जिसमें से खुंगा गांव में यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना में ग्रामीण जल प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव हेतु सरकारी व सामुदायिक भागीदारी आधारित संचालन एवं रखरखाव नीति 2026 को जल्द धरातल पर लागू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। योजना को दो चरणों में लागू किया जाएगा। प्रथम चरण में सिंगल पंचायत मेंटेनेंस योजना वाली जिले की 245 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। जबकि दूसरे चरण में एक से अधिक पेयजल स्कीम वाली 55 पंचायतों में इस योजना को लागू किया जाएगा। नई ऑपरेशनल पॉलिसी के तहत प्रत्येक 500 घरों पर एक महिला को पेयजल कनेक्शन, पानी के नमूने लेने, बिल भरवाने तथा अन्य संबंधित कार्यों के लिए तैनात किया जाएगा। 500 से अधिक घर होने पर दो महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायतें पेयजल एवं सीवरेज कार्यों की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन करेंगी। इसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई), ग्राम सचिव, पंप संचालक, ऑपरेटर तथा ग्राम पंचायत के जागरूक नागरिकों को शामिल किया जाएगा। ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां नई पाइपलाइन बिछाने, मरम्मत कार्य, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी तथा संचालन जैसे कार्यों को संचालित करेंगी। इसके अलावा अवैध एवं दूषित पानी के कनेक्शन काटने, अनियमित कनेक्शनों को नियमित कराने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी कर सकेंगी। नई नीति के तहत महिलाओं को कार्यों के लिए निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और पंचायतों के बीच पांच वर्षों के लिए एमओयू साइन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके तहत खुंगा गांव ग्राम पंचायत में एमओयू पर साइन करके हरियाणा में पहली ग्राम पंचायत बनी हैं। समीक्षा बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, जिला सलाहकार रणधीर मताना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## आर्थिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जिला पुलिस सतर्क

### अधिकारियों को दिया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में व डीएसपी मुख्यालय संदीप कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस कार्यालय कार्न्फ्रेंस हॉल में इकोनोमिक ऑफेंस विषय पर एक विशेष कोर्स एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आर्थिक अपराधों से संबंधित मामलों की गहन जानकारी प्रदान करना तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से होने वाले वित्तीय अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी जांच के प्रति प्रशिक्षित करना रहा। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी उप निरक्षक अजय कुमार ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर ठगी, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल पेमेंट धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ उठाने जैसे विभिन्न आर्थिक अपराधों के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे मामलों की जांच के दौरान अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं एवं साक्ष्य संकलन के बारे में भी विस्तार से अवगत करवाया गया। इसके अलवा उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में गंभीरता एवं तत्परता से कार्यवाही करने तथा आमजन को भी साइबर एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति लगातार जागरूक करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना ही नहीं बल्कि समाज को जागरूक कर अपराधों की रोकथाम करना भी है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आर्थिक अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं तथा अपराधी आधुनिक तकनीकों का दुरुपयोग कर आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का समय-समय पर प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है।

### लाइब्रेरी के फ्लोर को छात्रों के लिए खुलवाया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए उचित व्यवस्था न मिलने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विवि की लाइब्रेरी में 40 से 50 विद्यार्थियों के बैठने की ही व्यवस्था थी, जिसके कारण बड़ी संख्या में छात्रों को सीट नहीं मिल पाती थी। उस समय भी किसान छात्र एकता संगठन ने विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते लगातार संघर्ष किया था। जिसके बाद लाइब्रेरी में सीटिंग व्यवस्था को दोगुना करवाया था तथा छात्रों के अध्ययन के लिए अतिरिक्त रीडिंग हॉल भी खुलवाया था। इसके बावजूद परीक्षा के समय बढ़ती छात्रों की संख्या को देखते व्यवस्था फिर से अपर्याप्त साबित हो रही थी। इसी गंभीर समस्या को देखते किसान छात्र एकता संगठन ने लाइब्रेरियन डा. अनिल सैनी से मुलाकात की। युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि परीक्षाओं के दिनों में विवि के सभी विभागों के एग्जाम चल रहे होते हैं।



जींद। नीचे बैठ कर पढ़ाई करते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि



पूर्व मंत्री बृज मोहन की पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक समिति पदाधिकारी।

### हिंदू कन्या कॉलेज में वितरित की पाठ्य सामग्री

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में लंबे समय तक कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान रहे पूर्व मंत्री बृजमोहन सिंगला की दसवीं पुण्यतिथि पर छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। यह पाठ्य सामग्री महाविद्यालय के सहयोग एवं सुकर्मा सोसायटी के तत्वावधान में कॉलेज प्रबंधक समिति के गणमान्य सदस्यों, कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर तथा सेल की इंचार्ज डा. पिंकी की उपस्थिति में हुआ। प्रधान डा. अंशुल सिंगला ने कहा कि पूर्व मंत्री बृजमोहन सिंगला ने छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अहम भूमिका निभाई। 12वीं की परीक्षा के बाद जींद में छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल के रूप में हिंदू कन्या कालेज की स्थापना की ताकि अभिभावक अपनी बच्चियों को सुरक्षित महसूस कर पाएं। कालेज प्राचार्या डा. पूनम ने उन्हें श्रद्धांजलि देते कालेज के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद करते कहा कि कालेज एवं छात्राओं की शिक्षा के प्रति उनके अनवरत प्रयासों एवं निष्ठा का समस्त महाविद्यालय परिवार सदैव ऋणी रहेगा।

### किसान मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग करें

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा द्वारा गांव बराड़ खेड़ा में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायक्रम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र के जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल ने किया। किसानों को संबोधित करते बताया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित प्रयोग तथा जैविक स्रोतों के कम उपयोग के कारण मिट्टी की उर्वराशक्ति लगातार घट रही है। कहा कि मृदा की गुणवत्ता में गिरावट आने से फसलों की उत्पादकता प्रभावित होती है तथा उत्पादन लागत भी बढ़ती है। इसलिए किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग अपनाना चाहिए ताकि फसल की आवश्यकता के अनुसार सही मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध कराए जा सकें। कहा कि गोबर की खाद, कम्पोस्ट खाद, केंचुआ खाद, फसल अवशेष तथा अन्य जैविक स्रोतों का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए।



जींद। किसानों को जागरूक करते डा. धीरज पंघाल। फोटो :हरिभूमि

## केंद्र सरकार ने जनता की जेब पर डाला डाका : बिजेंद्र ढाठरथ

**जींद।** कांग्रेस नेता बिजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली से जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। भाजपा ने लोगों को रोजगार देने तथा उनकी समस्या का हल करने की बजाय उन्हें लाइन में लगा दिया है। हालात यहां तक हो चुके हैं कि



अपनी जरूरत तथा समस्याओं को लेकर लोग पूरा दिन कामकाज को छोड़ कर लाइन में लगे रहना पड़ता है। चाहे वह रसोई गैस हो या फिर राशन या खाद व बीज। अब डीजल तथा पेट्रोल के दाम मे लगातार इजाफा हो रहा है। जिसका सीधा असर आमजन पर होगा। ट्रांसपोर्ट लगात बढने के कारण हर वस्तु के दाम बढेंगें। जिसका सीधा असर लोगों की जेब पर होगा। जबकि खुद पीएम विदेशों की यात्रा पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है। बेरोजगारों को काकरोच बोला जा रहा है। किसानों को आंदोलनजीवी तथा परजीवी बोला जाता है। जब कोई सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसकी जुबान का ताकत के बल पर बंद कर दिया जाता है। अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब जनता का धैर्य जवाब दे रहा है। लोग भाजपा से तंग आ चुके हैं। अब पूरे देश की निगाह कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिकी है। जो भाजपा सरकार से छुटकारा दिलाएंगे।



उचाना। महिलाओं से मिलते भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री। फोटो :हरिभूमि

### पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : सुषमा अत्री

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री आवास पर पहुंची भौंसला गांव की महिलाओं से रूबरू होते उनकी समस्याओं को जाना। अत्री ने कहा कि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विवादित बयान पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिया है वो 140 करोड़ देश की जनता का अपमान है। कांग्रेस नेता आज सत्ता से दूर रहने के कारण मानसिक रूप से परेशान हो चुके है। कांग्रेस को लगातार मिल रही हार से कांग्रेस नेता मानसिक संतुलन खो बैठे है। पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। देश के मतदाताओं को उनका पर विश्वास है जो लगातार एनडीए, भाजपा को मिल रही जीत से साफ है। कहा कि नायब सरकार युवाओं की सुविधा और उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। नीट अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज में फ्री यात्रा सुविधा की है। 20, 21 जून को मुफ्त बस सुविधा, सभी रोडवेज बसों में ये सुविधा लागू हो, अभ्यर्थियों एडमिट कार्ड दिखाकर मुफ्त बस यात्रा कर सकेंगे। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की चिंता अभ्यर्थियों की कम हुई है। प्रदेश में 250 मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी विद्यालय खुले है।

## शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के मानसिक विकास के लिए जरूरीः चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

वेदा इंटरनेशनल स्कूल नरवाना के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और सीख से भरा रहा। विद्यालय की प्राचार्या सिल्की चोपड़ा के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस ट्रिप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से अलग व्यावहारिक रूप से देश की प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी कामकाज के तरीकों को समझाना था। डीसी ऑफिस पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों का स्वागत किया व रिफ्रेशमेंट दी। भ्रमण के दौरान बच्चों को डीसी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, जैसे सीएम विंडो, सरल केंद्र, राजस्व विभाग और जिला विकास शाखा का दौरा कराया गया। इस दौरान जिलाधीश एवं अन्य अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि एक जिले का



प्रशासन कैसे काम करता है, कानून व्यवस्था कैसे बनाए रखी जाती है और आम जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होता है। उपायुक्त ने बच्चों के सभी सवालों के बेहद सरल और प्रेरणादायक जवाब दिए। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्हें भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं में जाने की प्रेरणा मिलती है।



जींद। ग्रामीणों को कन्या की महत्ता से अवगत करवाते स्वास्थ्यकर्मी।

### बेटियां बोझ नहीं, उज्ज्वल भविष्य की पहचान : कविता

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ईंटल कलां गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी व पवन कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि समाज में बेटियों को समान अधिकार देना अत्यंत आवश्यक है। जब तक बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा तब तक समाज पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कई बार लोग सामाजिक दबाव में आकर बेटियों के साथ भेदभाव करते हैं, जो गलत है। बेटियां परिवार की खुशी और समाज की प्रगति का आधार होती हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार को बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कविता रानी ने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए बताया गया कि लिंग जांच करना और करवाना दोनों अपराध की श्रेणी में आते हैं।

## फुटपाथ निर्माण और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाने पर खर्च होंगे 32.59 लाख रुपये

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हर्बल पार्क व गेस्ट हाउस क्षेत्र का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में हर्बल पार्क व गेस्ट हाउस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 32.59 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और चार जून को बिड खोली जाएगी।

विश्वविद्यालय में टीचिंग ब्लॉक के पास स्थित हर्बल पार्क में विद्यार्थियों और शिक्षकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए फुटपाथ का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा गेस्ट हाउस के पास इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इससे क्षेत्र की सुंदरता बढने के साथ-साथ आवागमन भी आसान होगा। बरसात के दिनों में जलभराव और कीचड़ की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। हर्बल पार्क विश्वविद्यालय परिसर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जहां विद्यार्थी औषधीय पौधों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। फुटपाथ बनने से यहां आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं गेस्ट हाउस के आसपास इंटरलॉकिंग ब्लॉक लगने से परिसर अधिक व्यवस्थित और आकर्षक दिखाई देगा। इससे पहले भी सीआरएसयू में स्ट्रीट लाइटों के लिए टेंडर लगाया गया था। विश्वविद्यालय परिसर में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार काम कर रहा है।



चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय।

**बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा**

कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने बताया कि विवि परिसर में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और आगंतुकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। चार जून को टेंडर की बिड खुलने के बाद निर्माण एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित समयावधि में कार्य शुरू करवाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इन विकास कार्यों से परिसर की सुंदरता और सुविधाओं में काफी सुधार देखने को मिलेगा।



उचाना। करसिंधु–छात्तर रोड पर लगाई युवाओं द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील।

### करसिंधु-छात्तर रोड पर युवाओं ने लगाई छबील

**उचाना।** करसिंधु-छात्तर रोड युवाओं ने बढ़ रहे तापमान के चलते ठंडे मीठे पानी की छबील लगा कर राहगीरों, वाहन चालकों को पानी पिलाया। गर्मी के मौसम में जगह-जगह ठंडे मीठे पानी की छबील दुकानदार, युवा, ग्रामीण लगा रहे है ताकि वाहन चालकों, राहगीरों को गर्मी के मौसम में ठंडा मीठा पानी पिला कर गर्मी से कुछ राहत दे सकें। छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने जल ग्रहण किया और इस सामाजिक सेवा कार्य की सराहना की। युवा अंकित, गुरमीत, संजू, प्रदीप, नवीन, मोनू ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को मीठा पानी पिलाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। नौ तपा शुरू होने से तापमान बढ़ रहा है। चालकों, राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई ताकि गर्मी के मौसम में कुछ राहत मिले।

## खबर संक्षेप

### अभियान चलाकर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**कलायत।** सबल शिक्षण संस्थान हर क्षेत्र के शिक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर सजगता का परिचय दे रही है। इसके तहत शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में रिटायर्ड शिक्षक पवन शास्त्री ब्राह्मणी वाला के मार्गदर्शन में विशेष शिक्षा विषय पर अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास से जुड़ी जानकारियां प्रदान करना रहा। इस अवस पर कुसुम देवी, प्रभाकर विक्रम सिंह, कामरेड सत्यवान, शिक्षिका वर्ग से नीलम, शशि किरण, पूजा, कीर्ति मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति निकालेगी यात्रा

**कैथल।** पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा पूरे हरियाणा में कर्मचारियों की मांगों और पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में ऐतिहासिक साइकिल यात्रा निकाली गई थी। यह यात्रा कर्मचारियों के संघर्ष, एकता और अधिकारों की आवाज का प्रतीक बनी थी। अब उसी ऐतिहासिक यात्रा की यादगार एवं संघर्ष की निरंतरता को बनाए रखने के उद्देश्य से 2 जून 2026 को स्मृति रैली एवं साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा की शुरुआत प्रातः 8 बजे शहीद स्मारक, कैथल से होगी तथा इसका नेतृत्व राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल जी करेंगे। यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर लगभग एक घंटे तक निकाली जाएगी।

### प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पूंडरी।** पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने गांव फतेहपुर स्थित प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से संत बाबा खुशीनाथ करोड़ा, महंत सत्यचेतन पुरी जी तथा महंत सोमवार नाथ जी भी मौजूद रहे। सभी संत-महात्माओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर कमेटी प्रधान संजीव वालिया ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सहित सभी महंतों का फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### भाजपा के 12 साल पूरे होने पर कार्यक्रम 5 जून को

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के अंतर्गत जिला कैथल में 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने जारी प्रेस बयान में दी। भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर जनसंपर्क एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सटोरिया काबू, 75150 रुपये बरामद

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 75150 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह व सिपाही बलजीत सिंह की टीम को सायंकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की भगत सिंह चौक कैथल के पास स्थित एक करियाना दुकान में एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर योजनाबद्ध तरीके से उक्त दुकान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी चिरजींव कालोनी अम्बाला रोड़ कैथल निवासी अमित को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 75150 रुपये सट्टा राशि बरामद हुई।

## फरल गांव पहुंचीं डीसी, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# कुषाण एवं मध्य कालीन पुरास्थल एवं अवशेषों का किया निरीक्षण

**कुषाण काल से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने मंगलवार को फरल गांव का दौरा कर ऐतिहासिक और पुरातात्विक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. नरेंद्र परमार और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। दौरे के दौरान कुषाण काल से जुड़े पुरास्थलों एवं अवशेषों का अवलोकन किया गया तथा क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और विकास को लेकर चर्चा की गई। डीसी अपराजिता ने कहा कि फरल गांव एक प्राचीन और ऐतिहासिक स्थान है, जिसकी बहुत पुरानी मान्यता है। यहां कुषाण काल से संबंधित एक महत्वपूर्ण स्तूप मौजूद है, जिसका निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान स्थल से पेंटेड रेड वेयर (चित्रित लाल मिट्टी के बर्तन), कलाकृतियां और अन्य पुरातात्विक अवशेष भी मिले हुए हैं, जो क्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



**कैथल।** डीसी अपराजिता गांव फरल का दौरा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी ने कहा कि प्रशासन और पुरातत्व विभाग की ओर से कुषाण काल से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए जाएंगे तथा भारतीय पुरातत्व और संरक्षण मानकों के अनुरूप आगे की कार्यवाही कर ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने फल्गु तीर्थ स्थित पुराने एवं नए मंदिरों में मथा भी टेका। हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. नरेंद्र परमार ने कहा कि कैथल जिले के पुरातात्विक महत्व को राज्य और विश्व स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरल क्षेत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है, जहां कुषाण काल से लेकर मध्यकाल तक की सांस्कृतिक निरंतरता के प्रमाण मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार इस क्षेत्र में दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास मानव बसावट की शुरुआत हुई थी। यहां मौजूद प्राचीन टीला और धार्मिक स्थल आज भी स्थानीय लोगों की आस्था और इतिहास से जुड़े हुए हैं।

### धान की डीएसआर विधि से बिजाई करने पर मिलेगा प्रति एकड़ 4500 का अनुदान : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि किसानों के लिए धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) की योजना काफी फायदेमंद है। जहां इस विधि से धान लगाने पर पानी की काफी बचत होती है, वहीं खर्च भी कम आता है। धान की सीधी बिजाई करने पर सरकार द्वारा 4500 रुपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जा रहा है। इस वर्ष जिला कैथल में 15000 एकड़ में सीधी बिजाई का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों से अपील की है वे डीएसआर विधि से धान की बिजाई करें।

डीसी अपराजिता ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र किसानों को लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ उनका खर्च भी कम करना है। सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई अपनाने वाले किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ अनुदान सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। डीएसआर मशीन खरीदने पर सरकार द्वारा 40 हजार तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र हुड्डा ने कहा कि धान रोपाई का सीजन शुरू होने वाला है, इसलिए किसान परंपरागत खेती की तुलना में धान की सीधी बिजाई तकनीक अपनाएं। इससे जहां सरकार द्वारा आपके सीधे खाते में 4500 रुपये डाले जाएंगे, वहीं पानी की बचत होगी, जो जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस विधि में धान की बिजाई होने के कारण पौधों को पर्याप्त हवा और रोशनी मिलती है, जिससे आगे चलकर फसल के गिरने का जोखिम बेहद कम हो जाता है।

### कैथल का इतिहास सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ा

परमार ने बताया कि कैथल क्षेत्र का इतिहास सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ा हुआ है और बालू गांव भी इस भूभाग का एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक केंद्र रहा है। करीब पांच हजार वर्ष पुराने सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की निरंतरता इस क्षेत्र की विशेष पहचान है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राचीन लेखन प्रणाली, वास्तुकला, सील और सांस्कृतिक विकास जैसे विषयों पर भी भविष्य में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से जिले में कई स्थानों पर संरक्षण कार्य चल रहे हैं। उन्होंने डीसी अपराजिता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल के गौरवशाली इतिहास को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में आगे कार्य किया जाएगा।

## छात्राओं को किया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक



**पूंडरी।** शिविर में भाग लेतीं छात्राएं व प्रिंसिपल डॉ. शकुंतला। फोटो : हरिभूमि

- छोटे-छोटे बदलाव से स्वस्थ्य बन सकता है हम सभी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार दिवसीय जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया मिशन लाइफ पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रहित की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

यदि प्रत्येक नागरिक छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाए, जैसे ऊर्जा की बचत, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक का कम उपयोग, तो देश को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाया जा सकता है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शकुंतला ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं। एनएसएस संयोजिका डॉ. अनु ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत आयोजित गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पुष्पा का योगदान रहा।

**स्वच्छता अभियान चलाया**

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने परिसर की सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। छात्राओं ने लोगों को दैनिक जीवन में ऊर्जा बचाने, जल संरक्षण अपनाने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में "सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें" विषय पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## नशामुक्त समाज के लिए सभी की भागीदारी अति आवश्यक : अजय हुड्डा

- स्कूलों-कॉलेजों में चलेगा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति अभियान को अधिक प्रभावी बनाते हुए अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। एसडीएम मंगलवार को कार्यालय में आयोजित एनकॉर्ड समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग विशेष अभियान चलाए और ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान तेज किए जाएं। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और मेडिकल स्टोरों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।



**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान व भौतिक विज्ञान के नए कोर्स शुरू

**कैथल।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय कॉलेज जगदीशपुरा में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष महाविद्यालय में बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान और बीएससी ऑनर्स भौतिक विज्ञान के नए कोर्स शुरू किए गए हैं। इन कॉर्सों में दाखिले के लिए इसी सत्र से आवेदन किए जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रोफेशनल विषय में सहूलियत मिलेगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भांबू ने बताया कि विद्यार्थी स्नातक कोर्स में प्रवेश लेकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्रत्येक संकाय में उच्च शिक्षित प्राध्यापक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

## गांव बालू बिढान के सरपंच प्रतिनिधि ने की संत रामपाल महाराज से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ग्राम पंचायत बालू बिढान से सरपंच प्रतिनिधि साहिल बालू एडवोकेट गांव के मौजिज लोगों के साथ पूजनीय संत रामपाल महाराज से गांव में अन्नपूर्णा मुहिम के तहत बनाये गए मकान के लिए धन्यवाद करने के लिए मिले। उसके साथ साथ गुरुजी को गांव की आबादी में होने वाली जलभराव की समस्या से अवगत करवाया। गुरुजी ने आज ही समस्या के समाधान के लिए टीम भेजी जिन्होंने 3 मोटर और 24000 फीट पाइपलाइन तीनो तालाबों की पानी की निकासी के लिए देने का आश्वासन दिया। ये सारा सामान को गांव में पहुंचा दिया गया। गांव के लोगो ने और सरपंच प्रतिनिधि साहिल बालू ने संत रामपाल का आभार व्यक्त किया और उनके दिखाए मार्ग पर लोगों को चलने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर सुरेंद्र बालू, कृष्ण, राजबीर बालू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बालू, रमेश, जय प्रकाश बालू, दलबीर, सतीश आदि लोग मौजूद रहे।



**कैथल।** संत रामपाल महाराज का आभार जताते ग्राम पंचायत बालू बिढान से सरपंच प्रतिनिधि साहिल बालू, एडवोकेट व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



**सीवन।** मॉडल संस्कृति स्कूल में शिविर में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को किया संवाद कौशल के प्रति जागरूक

**सीवन।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में चल रहे भाषा समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, संवाद कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान हिंदी प्राध्यापक बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सामाजिक, शैक्षिक, पारिवारिक एवं आस-पड़ोस के वातावरण में एक विद्यार्थी की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रहकर अपने व्यवहार, अनुशासन और संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे आचरण, सहयोग की भावना, बड़ों के सम्मान तथा सामाजिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक समझ और नैतिक मूल्यों का होना भी बेहद आवश्यक है।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में छात्रा अंजलि ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गुरुनानक पब्लिक स्कूल फरल की मेधावी छात्रा अंजलि ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026 में विश्व स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र व पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है। हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर अंजलि को रविवार को दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान अवार्ड, चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु बंसल ने अंजलि को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उसकी मेहनत, लगन और प्रतिभा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अंजलि से प्रेरणा लेकर भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




**पूंडरी।** प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित छात्रा अंजलि व विद्यालय स्टाफ।

## न्यूज डायरी



### समाजसेवियों ने लगाई मीठे जल की छबील

**सीवन।** नौतपा के चलते पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के पीपल वाला चौक मेन बाजार में समाजसेवियों द्वारा मीठे ठंडे जल की छबील लगाई गई। इस दौरान युवाओं ने राहगीरों, दुकानदारों एवं बाजार से गुजरने वाले लोगों को रोक-रोक कर ठंडा एवं मीठा जल पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। भीषण गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में युवा समाजसेवियों की इस पहल की लोगों ने जमकर सराहना की। छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने मीठे जल का सेवन कर गर्मी से राहत महसूस की।



### मीठे पानी की छबील लगाई, हलवे का प्रसाद बांटा

**सीवन।** भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने एवं धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाक्य समाज जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा मेन रोड स्थित शाक्य धर्मशाला में श्रद्धापूर्वक मीठे पानी की छबील एवं हलवे के प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा कार्य में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ किया गया। पंडित बिट्टू शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ संपन्न करवाया गया, जिसके बाद क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और विश्व कल्याण की कामना की गई।

### गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से मनाया

**राजौंद।** राजौंद क्षेत्र में गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने मां गंगा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस दौरान पंडित राम भगत हरित ने गंगा दशहरा के महत्व के बारे में बताया कि हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष स्थान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है।

## कार्यक्रम को प्रभावशाली और जनभागीदारी आधारित बनाने पर जोर

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर किया मंथन

**ऑनलाइन बैठक में नोडल अधिकारी ने विभागाध्यक्षों को दिए जरूरी निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों, जन-जागरूकता अभियानों एवं विभागीय जिम्मेदारियों से संबंधित विस्तृत एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस को अधिक प्रभावशाली एवं जनभागीदारी आधारित बनाने के उद्देश्य से जिलेभर में लगातार योग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



**कैथल।** योगाभ्यास करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें

नोडल अधिकारी सुरेश राविश ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का जन आंदोलन है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ योग दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इन कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य करें। इसके अतिरिक्त गांव पबनावा स्थित योगशाला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आयुष योग सहायकों द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व को समझा। इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, कोच केहर सिंह, रामकुमार कोच, मास्टर राजेंद्र शास्त्री एवं जिले सिंह का विशेष सहयोग रहा। योगशाला इंचार्ज रेखा मेहरा ने बताया कि योगशाला में प्रतिदिन ग्रामीणजन नियमित रूप से योग करने पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 14 जून तक कराएं आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट



**उचाना।** एसडीएम रमित यादव ने बताया कि नागरिक 14 जून तक अपने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। यह मुफ्त सेवा माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है।

### लूटपाट प्रयास मामले में दो नाबालिग आरोपी काबू

**कैथल।** चीका क्षेत्र में देर रात पटियाला रोड पर एक कार सवार युवकों के साथ लूटपाट का प्रयास करने के मामले की जांच थाना चीका प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एएसआई जयपाल सिंह की टीम द्वारा करते हुए गांव सैर निवासी 17 वर्षीय व बाबा बस्ती चीका निवासी 16 वर्षीय नाबालिग को निरुध कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की नवाब अली निवासी गांव झंडी जिला पटियाला पंजाब की शिकायत अनुसार वह अपने दोस्त हरविंदर सिंह के साथ गाड़ी में सवार होकर कुरुक्षेत्र से अपने गांव लौट रहा था।

### 15 जून से पहले धान की रोपाई न करें किसान

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र ने बताया कि अगेती/साठी धान की रोपाई पर सरकार द्वारा भू-जल का अत्याधिक दोहन रोकने हेतू रोक लगाई हुई है। कोई भी किसान 15 जून से पहले दी हरियाणा प्रीजर्वेशन ऑफ सब सोयल वॉटर एक्ट 2009 के तहत धान की सीधी रोपाई नहीं कर सकता।

### अलग-अलग ट्रेन हादसों में दो युवकों की मौत

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से करीब 30-30 साल दो युवकों की मौत हो गई। हादसों के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। पहला हादसा बालाजी कॉलोनी के निकट रेलवे ट्रैक पर हुआ। इस हादसे में दौलतपुर चौक- गांधी नगर कैपिटल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में युव आया।

### 31 तक भरें पानी, सीवरेज का बिल, ब्याज व जुर्माना माफ

**उचाना।** जिन उपभोक्ताओं की तरफ पानी, सीवरेज का बिल विभिन्न कारणों से नहीं चुका पा रहे है उनके लिए अच्छी खबर है कि अब मई तक पानी और सीवरेज का बिल चुकाते हैं तो उनका पूरा ब्याज और जुर्माना माफ होगा। एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि पानी तथा सीवरेज के बिल का समय पर भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर हर बार दस प्रतिशत की दर से ब्याज और जुर्माना लगाया जाता है।

### ओपीडी स्लिप काउंटर में रखे यूपीएस हुए खराब, ऑपरेटर को हाथ से बनानी पड़ी पर्ची

# नागरिक अस्पताल में मरीजों को ओपीडी स्लिप कटवाने में बहाना पड़ा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏩जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मंगलवार को मरीजों व उनके तिमारदारों की परेशानी उस समय बढ़ गई जब ओपीडी स्लिप काउंटर में मरीजों की ऑनलाइन पर्चियां कटनी बंद हो गई। आप्रेटरों ने देखा तो पाया कि यूपीएस खराब हो गया है। जिस पर तुरंत प्रभाव से उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। अधिकारियों द्वारा समस्या पर संज्ञान लेते हुए, यूपीएस को ठीक करवाया और ऑनलाइन पर्ची सिस्टम को बहाल करवाया। समस्या को दूर करने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लग गया। हालांकि इस दौरान कर्मचारियों ने मरीजों की हाथ से रजिस्ट्रेशन स्लिप बनाई। जिसमें काफी समय लग गया। इतना ही समय उन्हें चिकित्सकों के कमरे के बाहर और दवा लेने में लगाना पड़ा। वहीं जिन मरीजों की पर्ची कटी, उनका डाटा ऑनलाइन नहीं होने के कारण चिकित्सक भी मरीज की पूरी हिस्ट्री चेक नहीं कर पाए। यूपीएस ठीक होने में ज्यादा समय लगने के कारण रजिस्ट्रेशन खिड़की पर मरीजों की भीड़ बढने लगी तो मरीजों को ज्यादा समय लगने लगा और उन्होंने धक्का-मुक्की शुरू की। ऐसे में आप्रेटरों ने हाथ से ही पर्ची काटना शुरू किया लेकिन इन मरीजों की हिस्ट्री नही बन पाई। लगभग डेढ़ घंटे तक यही स्थिति रही।

**डेढ़ घंटे बाद यूपीएस हुए ठीक, मरीजों को मिली राहत**



जींद। ओपीडी काउंटर पर परेशान मरीज व तिमारदार। फोटो : हरिभूमि

### बार कोड के प्रिंटर के रोल मंगवाए गए : पीएमओ

*नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अचानक से यूपीएस खराब हो गए थे। मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए हाथ से पर्ची काटी गई हैं। यूपीएस ठीक होने पर पहले की तरह ही पर्चियां काटी गई हैं। मरीजों को उपचार के लिए कोई परेशानी नही आने दी गई है।*

### यह होता है बार कोड का फायदा

एक बार रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद यदि कोई मरीज दोबारा अस्पताल में आता है तो उसका ऑनलाइन रिकार्ड भी उपलब्ध हो जाता है। उसकी पर्ची एक क्लिक में बन जाती है। हाथ से लिखने पर चिकित्सक को पता नहीं चल पाता कि मरीज को पहले कब आया था। इसकी बीमारी की हिस्ट्री क्या है। ऐसे में चिकित्सकों को भी परेशानी आती है।

### मरीजों का होता है ऑनलाइन रिकार्ड

नागरिक अस्पताल में मरीजों का रिकार्ड ऑनलाइन होता है। इसके लिए जब मरीज अस्पताल में आता है तो उसका रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जाता है। इससे मरीज का पूरा रिकार्ड संबंधित चिकित्सक कभी भी चेक कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में समय भी कम लगता है तथा इसी बार कोड व नंबर के आधार पर मरीज के डिजिटल एक्सरे भी उपलब्ध रहते हैं। मंगलवार को नई बिल्डिंग में ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर में यूपीएस खराब हो गया। इसी यूपीएस से सभी कंप्यूटर जुड़े हैं, जो पर्ची जनरेट करते हैं। अस्पताल में सोमवार और मंगलवार तथा छुट्टी से अगले दिन मरीजों की भीड़ अधिक रहती है। मंगलवार को भी मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें ओपीडी स्लिप काउंटर के आगे लग गई।



जींद। दाखिला आवेदन करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर पांच दिन शेष

- छह जून तक होगी विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच
- 11 जून को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩जींद

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल अब पांच ही दिन शेष हैं। मई महीने की समाप्ति के साथ ही विद्यार्थियों के लिए आवेदन का समय 31 मई को समाप्त हो जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के दस्तावेजों का काम भी लगातार जारी है। विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच छह जून तक हो सकेगी।

राजकीय पीजी कालेज में अलग-अलग 13 संकायों में 848 आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से 332 आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। राजकीय पीजी कालेज में बीए आर्ट्स में निर्धारित 600 सीटों पर 402 आवेदन आए हैं। जबकि बीए इक्नोमिक्स में 40 सीटों पर 10, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 20, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 26, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 10, बीबीए में 40 सीटों पर 50, बीकाम में 220 सीटों पर 121, बीसीए में 120 सीटों पर 135, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 84, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 63, बैचलर आफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 30, बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 37 और बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर 25 आवेदन आ चुके हैं।

### आवेदन के लिए बचा कम समय

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा कोर्स में दाखिले के लिए समय रहते आवेदन करें। आवेदन करते समय सभी जानकारी ध्यान से भरें। विद्यार्थियों की मदद के लिए कालेज में हेल्प डेस्क भी लगाया गया है। कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए 31 मई तक आवेदन होंगे। विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर कम ही समय बचा है।

## कैडेट्स के लिए हुई फुट ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏩जींद

जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में 15 हरियाणा एनसीसी बटालियन जींद द्वारा आयोजित एटीसी 126 कैंप के आठवें दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सत्र में सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के कैडेट्स के लिए फुट ड्रिल तथा आर्म ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में सभी कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और एनसीसी यूनिफॉर्म में शानदार प्रदर्शन किया।



जींद। परेड में भाग लेते हुए कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### कैडेट्स को मिला सैन्य प्रशिक्षण

दोपहर के सत्र में कैंप कमांडर द्वारा मिलिट्री वेपन एवं इक्विपमेंट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कैडेट्स को आधुनिक युद्ध से संबंधित विषयों से भी अवगत करवाया गयाए जिससे उनके ज्ञान और अनुशासन में वृद्धि हुई। सायंकालीन सत्र में इंटर इंस्टीट्यूट सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कैंप कमांडर कर्नल जगज्योत सिंह दोढ़ी ने सभी कैडेट्स के अनुशासन, प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर की छात्रा आंचल को शिक्षा मंत्री ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏩नरवाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर के विद्यालय इंचार्ज राजेश श्योकंद ने बताया कि विद्यालय की छात्रा आंचल ने हरियाणा के सभी सरकारी विद्यालयों में मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने हरियाणा बोर्ड की परीक्षा 12वीं में 98प्र अंक प्राप्त किए हैं। संजय चौधरी ने बताया कि गत 6 वर्षों में इसी विद्यालय से आठ बच्चे नीट क्लियर करके एमबीबीएस कर रहे हैं तथा तीन बच्चे आईं की क्लियर करके आईआईटी संस्थान से इंजीनियरिंग कर रहे हैं। डीडीओ विजय शर्मा एवं विद्यालय इंचार्ज राजेश श्योकंद ने इसका श्रेय तब के प्रिंसिपल संजय चौधरी एवं सभी कार्यरत समर्पित शिक्षक व अन्य कर्मचारी गण को दिया।





नरवाना। मेडिकल की छात्रा आंचल को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांढा।

### ये रहे मौजूद

संजय चौधरी ने बताया कि यह एक टीम वर्क है जिसमें गांव के सभी सदस्य गण विद्यालय के सभी सदस्य गण, उस समय के खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद सबका भरपूर सहयोग रहा। खंड शिक्षा अधिकारी उचाना ओम प्रकाश आर्य,गांव सरपंच गगनदीप, एसएमसी प्रधान नानूराम, उप प्रधान कविता देवी, धर्मपाल चहल, प्रोफेसर राजेश, ज्ञानी राम, पूर्व सरपंच जोगिंदर, पंच टिंकू, डा. जगबीर सिंह, सतीश सिंह , बलवान सिंह, कुलदीप सिंह, सुभाष जांगड़ा, फौजी प्रहलाद सिंह ने संजय चौधरी एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## 15 से 14 जुलाई तक बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏩कैथल

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य तेजी से जारी है। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले में कुल 8 लाख 28 हजार 340 मतदाताओं में से अब तक 6 लाख 51 हजार 473 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है, जो लगभग 78.65 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिले के 807 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। गुहला विधानसभा क्षेत्र में 1.56 लाख, कलायत में 1.86 लाख, कैथल में 1.51 लाख और पूंडरी में 1.57 लाख मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। डीसी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य फर्जी और दोहरे वोट हटाकर मतदाता सूची को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाना है। बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की पहचान कर उन्हें संबंधित मतदान केंद्रों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर नए पात्र मतदाताओं, स्थानांतरित मतदाताओं और मृत मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।



डीसी अपराजिता

**78 फीसदी से अधिक मतदाताओं की मैपिंग पूरी**

## पुलिस महानिरीक्षक ने ली रिव्यू मीटिंग

- कानून व्यवस्था व जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩जींद

पुलिस महानिरीक्षक हिसार मंडल हिसार कुलदीप सिंह यादव ने मंगलवार को जिला जींद का दौरा कर पुलिस अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक की। जींद पहुंचने पर एसपी कुलदीप सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। रिव्यू मीटिंग के दौरान जिला में कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के शीघ्र निपटान, साइबर अपराधों की रोकथाम, नशा तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई, पुलिस गश्त व्यवस्था तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।



जींद। पुलिस महानिरीक्षक हिसार मंडल हिसार कुलदीप सिंह को बुके देते हुए एसपी कुलदीप सिंह।

### लोगों को मिले सुरक्षित वातावरण

पुलिस महानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। इसके लिए सभी अधिकारी ईमानदारी, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। रिव्यू मीटिंग के उपरांत पुलिस महानिरीक्षक द्वारा क्षेत्र से आए ग्रामीणों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनी गई।



सीवन। कन्या स्कूल में शिविर में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में सात दिवसीय समर कैंप का दूसरा दिन

**सीवन।** पीएमराजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में प्रधानाचार्य हरदयाल अरोड़ा के मार्गदर्शन एवं विद्यालय इंचार्ज आशा के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए भारतीय भाषाओं, संवाद कौशल एवं व्यवहारिक ज्ञान से जुड़ी अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं सक्रियता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापक गुरुदेव सिंह एवं पिंकी ने विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं से संबंधित गतिविधियों में भाग करवाया। आज के शिविर का मुख्य विषय वर्चुअल सिटी टूर, रियल लाइफ और कन्वर्सेशन प्रैक्टिस" रखा गया। इस अवसर पर पिंकी ने इंटरनेट के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का वर्चुअल भ्रमण करवाया। उन्होंने लाल किला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार सहित कई ऐतिहासिक स्थानों की जानकारी देते हुए उनके ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं के माध्यम से रोल प्ले गतिविधियां करवाई गईं, जिससे उनमें संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ।

### बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई राजीव सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव हरसौला निवासी राकेश के नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुगरमिल कैथल निवासी अजय कुमार की शिकायत अनुसार 4 मई को छात्रावास रोड़ स्थित कपड़े की दुकान के बहार से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। चोरीशुदा बाइक पुलिस द्वारा पहले ही बरामद कर ली गई हैं। आरोपी किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। आरोपी न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### सरकार और प्रशासन का मुख्य फोकस ग्रामीण विकास पर : एडीसी

*विभागों ने स्टाल लगा कर नागरिकों को दिया योजनाओं और सेवाओं का लाभ*

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏩जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम सोमवार को अशरफगढ़ गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। यहां रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत एडीसी प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं से जुड़ी जानकारी दी गई और इनका लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान एडीसी प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन का पूरा फोकस ग्रामीण विकास पर है। उन्होंने गांव के विकास को एक सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा संचालित ग्राम विकास योजनाओं की जानकारी अवश्य रखें ताकि गांव में सामूहिक कार्य करवाए जा सकें। इसके अलावा सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं उनके बारे में भी आवश्यक जानकारी रखें ताकि जरूरतमंद व्यक्ति आसानी से लाभ ले सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में किसी भी विभाग से संबंधित जो शिकायत प्राप्त होती हैं उसको समयबद्ध तरीके से पूरा करवाया जाए और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय भिजवाई जाए।



जींद। शिकायत रखते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### तीन दर्जन शिकायतों पर हुई सिलसिलेवार सुनवाई

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लगभग तीन दर्जन शिकायतें, आवेदन रखे गए। जिनकी एडीसी प्रदीप कुमार ने सिलसिलेवार सुनवाई की और अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोमवार को अमावस्या है और पांडु पिंडारा तीर्थ लोगों की आस्था का प्रतीक है। लिहाजा तीर्थ के तालाब में खाल को दुरुस्त करवा कर नहरी पानी भरवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अशरफगढ़ के पीर बाबा वाले तालाब में भी पानी भरवाया जाए। गांव के राजपाल द्वारा खेत के नाले का लेवल ठीक करवाने तथा जलालुद्दीन द्वारा कब्रिस्तान के रास्ते व कब्जा हटवाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### 31 को डिप्टी स्पीकर आवास पर ग्रामीण सफाई कर्मी करेंगे प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 12वें दिन भी मंगलवार को लघु सचिवालय के पास जारी रही। इसकी अध्यक्षता उचाना ब्लॉक प्रधान साहब सिंह ने की। जबकि संचालन जिला प्रधान गुलाब सिंह ने किया। बैठक में 31 मई को डिप्टी स्पीकर के आवास पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया। धरने को संबोधित करते हुए, सीटू जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का भयंकर शोषण किया जा रहा है। न तो पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा है और न ही पूरा वेतन। मुख्यमंत्री द्वारा खुद घोषित किए गए 26 हजार और 27 हजार रुपये के वेतन को भी अब तक लागू नहीं किया गया है। सरकार की इसी हठधर्मिता के कारण हमें मजबूरन भीषण गर्मी में भी हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा।